# विभागीय  गतिविधियाँ 2022-23

- **हिंदी पखवाड़ा'**

' राष्ट्रीय हिन्दी दिवस 2022' - पर हिंदी विभाग,स्नातकोत्तर राजकीय कन्या महाविद्यालय,सेक्टर -11, चंडीगढ़ की ओर से 'हिंदी पखवाड़ा' के समापन समारोह  का आयोजन दिनांक 14.09.2022 को हिंदी विभाग के पास कक्ष संख्या 221 में 11 बजे लेकर 12.30 बजे किया गया . इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. अजय शर्मा ने मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया .  सरस्वती वन्दना पूजा नेगी और उसकी साथियो ने सस्वर प्रस्तुत की .मुख्य अतिथि प्रो. अजय शर्मा ने हिंदी के महत्वपूर्ण विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला और हिंदी की अंतर्राष्ट्रीय स्थिति को  अंतर्राष्ट्रीय पत्र -पत्रिकाओं के उदाहरणों से समझाया और कहा कि हिंदी मात्र एक भाषा नहीं है ,वह हमारी मातृभाषा है जिसे हमें मां जैसा प्यार मिलता है . अगर अंग्रेजी बोलने में गर्व होता है तो हिंदी ना बोलने में शर्म भी आनी चाहिए. हिंदी में कार्यक्रम में डा कमल कृष्ण ने हिंदी के महत्त्व  पर अपने विचार रखे .

हिंदी पखवाड़ा में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं - कविता पाठ,निबंध लेखन,सुन्दर हिन्दी लेखन और पोस्टर-कोलाज-सूक्ति लेखन आदि के विजेताओं के प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार से सम्मानित किया गया . कार्यक्रम में नूर और  कीर्ति रेड्डी ने सस्वर कविता पाठ किया जिस पर छात्राएं झूम उठी. संत कबीर के भजन और दोहे शिखा तथा उसकी साथियों ने सुरमे रूप में प्रस्तुत किए जिसे सुनकर छात्राए भी गुनगुनाने लगी . डा चन्दन लाल गुप्ता ने हिंदी और भारतीय भाषाओं के महत्व को रेखांकित किया .  डॉ मीना रानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया.


REDMI NOTE 9
AI QUAD CAMERA




समारोह
मैं आप सभी का हार्दिक


हिन्दी दिवस
समारोह
मैं आप सभी का हार्दिक
GPS Map Camera
SECTOR
Chandigarh, Chandigarh, India
Post Graduate Govt. College for Girls,Sector 11-C Chandigarh
Post Graduate Govt. College for Girls, (Computer Application Department)Sector, 11C, Sector 11, Chandigarh, 160011, India
Lat 30.75684°
Long 76.782769°
14/09/22 11:37 AM GMT +05:30
Google

- **पुस्तक मेला में भ्रमण और पुस्तक खरीद करना**

| Dept./Society | In Collaboration with (if any) | Event | Date | Venue | Name of the Speaker/Chief Guest(if any)+ Contact Number and email id of the speaker | No. of participants/ Students |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हिंदी विभाग | - | राजकमल प्रकाशन द्वारा आयोजित पुस्तक मेले का भ्रमण | | सेक्टर-16 बी चंडीगढ़ | - | 16 |



- **अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस'**

' अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' के अवसर पर हिन्दी विभाग की ओर से एक व्याख्यान का आयोजन दिनांक **21 फरवरी 2023** को **महाविद्यालय के कक्ष संख्या 34 में** करवाया गया .

कार्यक्रम के मख्य अतिथि प्रो अशोक कुमार सभरवाल ,हिंदी विभाग पंजाब विश्वविद्यालय थे. कार्यक्रम 11.00 बजे शुरू हुआ और 12.10 मिनिट पर समाप्त हुआ. शुरुआत में डा मोहन लाल जाट ,हिन्दी विभागाध्यक्ष ने उपस्थित मुख्या वक्ता- प्रो अशोक कुमार सभरवाल,प्रो अनिता कौशल (प्राचार्य), श्रीमती

मोनिका विज (उपाचार्य), श्री अजय कुमार शर्मा (डीन), प्रोफेसर्स और छात्राओं का हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया और कहा कि मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए न कि शर्मिंदगी महसूस करनी चाहिए. मुख्य वक्ता प्रो अशोक कुमार सभरवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि माँ जैसे हमारा पालन-पोषण वात्सल्यपूर्वक करती है ,ठीक वैसे ही हमारी मातृभाषा में हमारे भाव और विचार पनपते है ,जो कभी समाप्त नही होते है. सोतैली माता दो-चार दिन प्यार कर सकती है और सुन्दर दिखेगी लेकिन माँ हमेशा ह्रदय से सुन्दर होती है तथा हमेशा हमारा ख्याल रखती है ,इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम भी माँ और मातृभाषा का ख्याल रखे,उनका सम्मान करे तो हमारी उन्नति निश्चित है.

कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभाग की और से उपाचार्य श्रीमती मोनिका विज ने मुख्य वक्ता को पिस्तक भेंट की . इसमे महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रोफेसर्स - डा कमल कृष्ण,डा मीना रानी,डा चंदनलाल गुप्ता,डा अम्बुज शर्मा,डा जसपाल सिंग,डा,गुरजीत कौर,डा प्रकाशचंद्र ,डा आशा ,डा अमनाप्रि्रत कौर,डा मीनू आदि उपस्थित रहे. इसमें प्रथम,द्वीतीय और तृतीय वर्ष की लगभग 213 विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया ..



